प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## तिरंगा थाली व्यंजन प्रतियोगिता

पंतनगर। 23 फरवरी 2023। भारत का अमृत महोत्सव के तहत चलाए जा रहे न्यूट्री स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा भीमताल ब्लॉक के बेलुवाखान ग्राम सभा में तिरंगा थाली व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार फिजा, द्वितीय पुरस्कार कहकशा और तृतीय पुरस्कार आशिया जहां ने प्राप्त किया, जबकि सांत्वना पुरस्कार बिल्किस एवं सोफिया को मिला। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में निर्णायक मंडल डा. दीपा विनय, डा. सुनीता शर्मा, डा. दीपा जोशी, डा. सोनिया तिवारी और डा. बीनू सिंह शामिल थे। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जानकी आर्य, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज चिनियाल और शकुंतला नेगी, पी.आर.पी., एन.आर.एल.एम. और रानी कौटिल्य उपस्थित थे।




*प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते अधिकारी।*